**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित, श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-27 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 27 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-03 बीजेपी यूपी-2025, दिनांक 03/01/2025 जो कि जिलाधिकारी, बाराबंकी तथा उप-जिलाधिकारी हैदरगढ़ को गाटा सं0-250 ग्राम जगतखेड़ा, परगना व तह0 हैदरगढ, बाराबंकी की पैमाइश कराकर मेड़बन्दी कराये जाने के संबंध में प्रेषित था, कब प्राप्त हुआ है? | संबंधित पत्र दिनांक 13.01.2025 को प्राप्त हुआ है। |
| (ख) | क्या गाटा सं0-250 स्थित ग्राम जगतखेड़ा, पर0 व तह0-हैदरगढ़ की पैमाइश कराकर मेड़बन्दी करा दी गयी है? | जी नहीं। |
| (ग) | यदि नहीं, तो क्यों? | गाटा संख्या 250/0.171हे0 स्थित ग्राम जगतखेड़ा परगना व तहसील हैदरगढ़ सन्तलाल आदि के नाम बतौर संक्रमणीय सहखातेदार दर्ज है, जिसका सीमांकन उ0प्र0रा0संहिता-2006 की धारा-24 के तहत आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त किया जा सकेगा। ऐसा कोई आवेदन सीमांकन हेतु प्राप्त नहीं हुआ है। आपसी सहमति के आधार पर राजस्व टीम द्वारा निस्तारण का प्रयास किया गया लेकिन पड़ोसी काश्तकारों की सहमति न होने के कारण अपेक्षित कार्यवाही नहीं की जा सकी। |
| (घ) | क्या पैमाइश कराकर मेड़बन्दी करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड़) | यदि हॉं, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |

योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री, उ0प्र0।